दिनांक 27 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने किया ध्वजारोहण , शान से लहराया तिरंगा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित अनुविभाग कार्यालयों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया! मुख्य कार्यालय में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने किया! इससे पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया! ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ! आयुक्त श्री रघुवंशी ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी! तत्पश्चात उपायुक्त तरुण पाल लहरें एवं दिलीप कुरर्वे ने देश भक्ति गीत गायन की शानदार प्रस्तुति दी! भवन अनुज्ञा शाखा के मोहंती द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गाना गाया गया जोकि मंत्रमुग्ध कर देने वाला था! उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम की ओर से सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं संदेश दी! अनुविभाग कार्यालयों में प्रातः 7:30 बजे जोन आयुक्त के द्वारा ध्वजारोहण किया गया! समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी! निगम के कार्यालयों में सफाई के साथ-साथ चूना मार्किंग की गई साथ ही रंगाई/पुताई कार्य भी किया गया , सप्ताह भर पहले से गणतंत्र दिवस के लिए तैयारियां निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई थी! निगम के कार्यालयों में रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था भी किया गया था , चौक-चौराहों में महापुरुषों की प्रतिमाओं के माल्यार्पण के लिए तैयारियां की गई थी आसपास सफाई भी कराई गई! मुख्य कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता सत्येंद्र सिंह, जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, निगम सचिव जीवन वर्मा , असीमा विश्वास, अजय शुक्ला, विष्णु चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, जयकुमार जैन, पुरुषोत्तम साहू, चंद्रपाल हरमुख, अरुण सिंह, रामेश्वर चंद्राकर, विभाग प्रमुख सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे!

जनसंपर्क अधिकारी